सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

माघ 24, सोमवार, शाके 1944-फरवरी 13, 2023
Magha 24, Monday , Saka 1944- February 13, 2023

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो ,परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी ,विज्ञप्तियां आदि।

नगरीय विकास विभाग

संशोधित अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 10, 2023

संख्या प.10(36**)नविवि/3/2011** :-राजस्थान नगर सुधार अधिनियम**,** 1959 (राजस्थान अधिनियम सं. 35 सन् 1959) की धारा 3 की उपधारा (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा इस विभाग की पूर्व में जारी अधिसूचना दिनांक 03.08.2011 में संशोधन करते हुए सागवाडा (जिला डूंगरपुर) के नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित किये गये राजस्व ग्रामों की सूची के क्रम संख्या-8 पर उल्लेखित राजस्व ग्राम- **"**मावीता**"** के स्थान पर राजस्व ग्राम- "मावीता (नया) किया जाता है तथा क्रम संख्या 2**,** 6 व 10 में वर्णित राजस्व ग्रामों के निम्नलिखित आंशिक क्षेत्र को विलोपित किया जाता है :-

क्र. सं.	राजस्व ग्राम का नाम हिन्दी में
2.	राजस्व ग्राम गोवाडी के आराजी संख्या 697, 588, 599, 601 की पश्चिमी सीमा के बाहर का क्षेत्र**,** खसरा संख्या 676, 768 में स्थित रास्ते की दक्षिणी सीमा के बाहर का क्षेत्र तथा खसरा संख्या 2259, 2258, 2244, 3586, 3596/2, 3596/1, 3802, 3804, 3805, 3808, 3807, 1483/1, 3839/1, 1482/1, 1461/1, 1460/4 में स्थित रास्ते की पश्चिमी सीमा के बाहर का क्षेत्र
6.	राजस्व ग्राम जेठाना के किरण नदी की पूर्वी सीमा के बाहर का क्षेत्र
10.	राजस्व ग्राम आरा के किरण नदी की पूर्वी सीमा के बाहर का क्षेत्र

राज्यपाल की आज्ञा से,

संचिता बिश्नोई,
संयुक्त शासन सचिव-द्वितीय।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।